पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
.नई दिल्ली, गुरुवार, 27 अगस्त, 2020 | वर्ष-13 | अंक-142 | पृष्ठ-10 | मूल्य-4.00 रुपए

गौड़ सौंदर्यम में हुआ दो दिवसीय धार्मिक आयोजन

शोभा यात्रा में हरे रामा हरे कृष्णा के लगे उद्घोष

ग्रेटर नोएडा, 26 अगस्त (देशबन्धु)। ग्रेनो वेस्ट में हरे रामा हरे कृष्णा...के उद्घोष के साथ गौड़ सौंदर्यम सोसायटी में बुधवार को शोभायात्रा निकाली गई। इस शोभायात्रा में भक्तों ने पूरे हर्षोल्लास के साथ हिस्सा लिया। यह शोभायात्रा सोसाइटी के अंदर ही निकाली गई। इसके पहले पूरे विधि विधान के साथ पूजा अर्चना हुई। जिसमें गौड़ ग्रुप के एमडी मनोज गौड़ और डायरेक्टर मंजू गौड़ शामिल हुए। इस दौरान सोसाइटी का अद्भुत नजारा था, हर तरफ पुष्प वर्षा, हरे रामा, हरे कृष्णा का उद्घोष हो रहा था, इस भक्ति के माहौल में सभी लोग डूब गए। इसके अलावा लोगों ने भक्ति के साथ-साथ सामाजिक दूरी का पालन भी किया और चेहरे पर मास्क का भी प्रयोग किया। रेसिडेंट्स अपने घरों की बालकनी से शोभायात्रा का नजारा ले रहे थे।

कार्यक्रम के बाद प्रसाद का किया वितरण

इस शोभायात्रा में सीमित मात्रा में महिलाएं, बुजुर्ग व बच्चे शामिल हुए। कार्यक्रम के बाद प्रसाद वितरण किया गया। बता दें कि दो दिवसीय कार्यक्रम हरे रामा हरे कृष्णा मंदिर स्थापना में सभी भगवान की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई। कार्यक्रम के अंतिम दिन सुबह पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना के बाद सभी लोगों ने सोसाइटी के अंदर ही सामाजिक दूरी बनाकर भव्य शोभा यात्रा निकाली। इस दौरान लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और पूरे शोभायात्रा में झूमते गाते नजर आए। सोसायटी वासियों का मानना था कि ऐसा भव्य नजारा लोगों को इस परेशानी की घड़ी में सुखद एहसास कराता है।

■ **लोगों ने भक्ति के साथ-साथ सामाजिक दूरी का भी रख ध्यान**